# मंडी में मूंग की कम कीमत देने पर हंगामा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में किसानों द्वारा मूंग खरीदी को लेकर काफी देर तक हंगामा किया गया। कृषि उपज मंडी में मंगलवार को किसानों ने मूंग खरीदी को लेकर हंगामा करते हुए बताया कि उनकी मूंग कम रेट पर खरीदी जा रही है। 62 सौ से लेकर अधिकतम 66 सौ रुपया तक व्यापारियों द्वारा बोली लगाई जा रही है जबकि एक दिन पहले जवाहर कृषि उपज मंडी में मूंग 7 हज़ार से लेकर 83 सो रुपया तक व्यापारियों द्वारा खरीदी की गई है। कम रेट होने से किसान नाराज़ होकर हंगामा करने लगे और मंडी गेट पर जमा हो गए।



सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और किसानों को समझने का प्रयास करते नज़र आए। तहसीलदार प्रियंका नेताम मंडी पहुंची और स्थिति को संभाला। किसानों और व्यापारियों को मंडी कार्यालय में बुलाकर समाधान निकालने का प्रयास किया गया। तब कही जाकर मूंग का घोष विक्रय प्रारम्भ हुआ। प्रियंका नेताम तहसीलदार ने बताया कि जवाहर कृषि उपज मंडी में किसानों द्वारा मूंग की उपज की नीलामी में कम दाम पर खरीदी को लेकर किसानों द्वारा हंगामा करने की खबर मिली मंडी पहुंच कर व्यापारी एवं किसानों के बीच समझाइश कराकर मूंग की खरीदी चालू कराई गई।

मंडी सचिव रामसेवक गुमास्ता ने बताया कि मंडी कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में व्यापारी एवं किसानों के बीच आपसी सामंजस होने के बाद मंडी में व्यापारियों द्वारा मूंग का घोष विक्रय प्रारंभ हुआ अधिकतम 76 सौ से 77 सौ तक मूंग की खरीदी की गई।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा प्रारंभ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते मंगलवार से क्षेत्र के चयनित परीक्षा केन्द्रो पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय अवसर की परीक्षा प्रारंभ हो गई। विदित हो कि उक्त परीक्षा हेतु गाडरवारा के बीटीआई स्कूल, साईखेड़ा के साँदीपनी स्कूल एवं चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हिंदी विषय के परचे से शुरू हुई इस परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक रखा गया है। परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को सुबह 8-30 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।



मंगलवार को परीक्षा के शुरुआती दिन बीटीआई स्कूल के केंद्र पर 10 वी की परीक्षा मे 39 मे से 36 एवं 12 वी की परीक्षा मे 13 मे से 13, साँदीपनी विद्यालय साईंखेड़ा के केंद्र पर 10 वी की परीक्षा मे 12 मे से 12 एवं 12 वी की परीक्षा मे 7 मे से 7 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। इसी प्रकार क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के केंद्र पर 10 वी परीक्षा मे 26 मे से 21 एवं 12 वी परीक्षा मे 11 मे से 10 छात्र छात्राएँ शामिल हुए। मंडल द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार 10 वी की परीक्षा 26 जून एवं 12 वी की परीक्षा 5 जुलाई को संपन्न होंगी। प्रायोगिक परीक्षा भी निर्धारित परीक्षा केंद्र पर 17 जून से 25 जून की समयावधि मे आयोजित होंगी। परीक्षा के आयोजन मे केंद्र अध्यक्षो सहित सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों का सहयोग मिल रहा है।

मंगलवार को परीक्षा के पहले दिन साईंखेड़ा के प्राथमिक शिक्षक भानु राजपूत ने गलती से साईंखेड़ा केंद्र पर आ गई छात्रा को तत्काल उसके बीटीआई स्कूल गाडरवारा परीक्षा केंद्र पर पहुंचाया। शिक्षक श्री राजपूत के इस कार्य की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।

## सार-समाचार

### पहली-दूसरी का गणित रिफ्रेशर प्रशिक्षण चीचली में सतत जारी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विकासखंड चीचली के अंतर्गत आने वाली समस्त शासकीय शाला के कक्षा पहली एवं दूसरी को पढ़ाने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का प्रथम चरण श्री साईं पब्लिक स्कूल चीचली में सतत जारी है। इस रिफ्रेशर प्रशिक्षण के प्रारम्भिक दो दिवस गणित विषय तथा तृतीय दिवस हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के लिए आवंटित किया गया है। प्रथम चरण के इस प्रशिक्षण में दो कक्षों में 89 शिक्षक सहभागिता कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण के प्रथम चरण के द्वितीय दिवस विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से संवाद करते हुए प्रशिक्षण की उपयोगिता, महत्वता, कौशलों का विकास, अभिवृत्ति में परिवर्तन तथा व्यवहारिक अनुप्रयोग से संबंधित चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में डीआरजी मनीष नेमा, लेखराम गौतम, मन्नालाल पटले तथा जितेंद्र कौरव द्वारा गणित विषय की बारीकियां से शिक्षकों को अवगत कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में विकासखंड अकादमिक समन्वय अरुण दुबे द्वारा प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में समस्त व्यवस्था उपलब्ध करने, सत्यम ताम्रकार द्वारा सहप्रभारी के रूप में प्रशिक्षणार्थियों की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन उपस्थिति तथा कंप्यूटर कार्य एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव तथा अभिषेक पाराशर द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस रिफ्रेशर प्रशिक्षण का द्वितीय तीन दिवसीय चरण 19 जून से 21 जून तक तक आयोजित किया जाएगा।

### अपने जीवन को सुधारन-संवारने के लिए सत्संग अवश्य करें

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मन चंचल है मन भौंरा हैं।जो हमें कहीं भी ले जाता है। यही हाल हमारे विचारों का है। बुरे विचार पतन की ओर ले जाते हैं।अच्छे विचार उत्थान की ओर ले जाते हैं।हमें सत्संग अवश्य करना चाहिए। सत्संग से जीवन में सुधार होता है।मन निर्मल और आत्मा पवित्र होती है।हम सत्संग से भक्ति की ओर अग्रसर होते हैं। भक्ति में ही हमारा कल्याण हैं। हनुमान जी महाराज ने भक्ति और सेवा से प्रभु राम को अपना स्वामी बनाया। उक्ताशय के विचार मुख्य वक्ता कथा वाचक पं.मनोहर जी तिवारी ने मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर नरसिंहपुर में आयोजित सत्संग सभा में व्यक्त किये।विदित हो कि मंदिर में प्रति मंगलवार धार्मिक सत्संग सभा का आयोजन किया जाता है।आयोजन समिति की ओर से गुरुवर नारायण प्रसाद साहू ने नवदा भक्ति की विवेचना की विवेचना करते हुए कहा कि ज्ञान भक्ति के लिए लिए सत्संग बहुत आवश्यक है।चोला वंदन पं.राकेश शर्मा और पंडित मनीष गिरदोनिया ने किया। आयोजन में प्रोफेसर के एल साहू ओज कवि अशोक त्रिपाठी दिनेश श्रीवास्तव डा उपेन्द्र पाठक कृषि अधिकारी जे पी श्रीवास्तव पंडित मनोज बाजपेई लक्ष्मी कांत सरावगी महेश नेमा एड अजय साहू सुभाष साहू गंगा राम साहू अशोक नेमा बबलू नेमा बी डी रूसिया एम के चौहान एस पी तिवारी मनोज विश्वकर्मा ओमप्रकाश पंड्या भगवान दास पहलवान रामचरण कश्यप सहित अनेक भक्त जन उपस्थित थे।

### शिव मारुति युवा संगठन ने कुएं में गिरी गाय को सुरक्षित निकाला


**अनूपपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9, लाल दास गोल्ड पैलेस के पीछे बाबा कॉलोनी में मंगलवार शाम एक गाय कुएं में गिर गई, जिसकी सूचना मिलते ही शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर की टीम ने तत्परता दिखाते हुए 3 घंटे की कठिन मशक्क त के बाद गाय को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाला। घटना की जानकारी शाम लगभग 7 बजे स्थानीय लोगों के माध्यम से मिली, जिसके बाद संगठन के सदस्य राहुल अग्रहरि, इशांक केशरवानी, प्रदीप सिंह, श्याम, सुशील राठौर, मनीष राठौर, अंश गुप्ता आदि मौके पर तुरंत पहुंचे। रेस्क्यू कार्य में एनडीआरएफ की टीम तथा नगर पालिका की सहायता से जेसीबी मशीन की मदद ली गई, जिसे चालक गोपाल राठौर द्वारा संचालित किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी संस्थाओं की संवेदनशीलता, सामूहिक प्रयास और तकनीकी सहायता से गाय को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध कराया गया। संगठन के उपाध्यक्ष राहुल अग्रहरि ने रेस्क्यू में शामिल अपनी टीम, नगर पालिका, एनडीआरएफ एवं स्थानीय नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य सभी के सहयोग से संभव हो सका और संगठन भविष्य में भी इसी तरह जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

### ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 27 जून को

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में आगामी 27 जून को शाम 4 बजे कलेक्टेव्रट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजैनतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# नीट परीक्षा में कड़ी मेहनत से वेदप्रकाश ने पाई सफलता

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नीट यूजी के परीक्षा परिणाम में नरसिंहपुर जिले के गुलाव चौरहा के निवासी अशोक साहू के पुत्र वेदप्रकाश साहू ने 14168 रैंक तथा 521 अंक प्राप्त किये है। वेदप्रकाश साहू का अध्यापन कार्य भोपाल शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ। इस विद्यालय से 14 छात्र.छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इनमें वेदप्रकाश साहू ऐसे विद्यार्थी हैं। जिन्होंने परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाद भी अपना हौसला नहीं खोया। पढ़ाई के लिए प्रति लगन और मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्ण परीक्षा में सफल हुए हैं।



शासकीय विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर तथा उनके माता पिता द्वारा भी उनकी लगन और परिश्रम को लेकर प्रशंसा की जा रही है।

# जिले के 109 हितग्राहियों के खाते में पहुंची संबल योजना की राशि

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना के अंतर्गत जिले के 109 हितग्राहियों के खातों में 2 करोड़ 55 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को जिले में देखा व सुना गया। कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन स्थित स्थानीय एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में लाइव प्रसारण हुआ, जिसमें रामसनेही पाठक, अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही की मौजूद थे। इस दौरान संबल योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये।

# एनटीपीसी की आवासीय कार्यशाला का समापन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** एनटीपीसी गाडरवारा में चल रहे एक मासिक आवासीय कार्यशाला बालिका सशक्तिकरण अभियान का मंगलवार, 17 जून 2025 को भव्य समापन हुआ। यह एक माह तक चलने वाली प्रमुख सीएसआर पहल थी, जिसका उद्देश्य आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों को सशक्त बनाना और उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

इस मिशन के अंतर्गत चयनित 40 बालिकाएं एनटीपीसी टाउनशिप में आवासित रहीं और उन्हें नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, आत्मरक्षा, कंप्यूटर साक्षरता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, रचनात्मक कला और खेलकूद से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य था बालिकाओं को आत्मविश्वासी, जागरूक और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना।

इस समापन समारोह में सभी बालिकायों के माता पिता को भी आमंत्रित किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम कुमार, मुख्य महाप्रबंधक परियोजना प्रमुख आशान्वित थे कि इस कार्यक्रम ने बालिका सशक्तिकरण को गति दी और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी के प्रयासों की सराहना की।



उन्होने बताया कि एनटीपीसी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाली सरकारी विद्यालय की लड़कियों के व्यक्तित्व का विकास के लिए बालिका सशक्तिकरण मिशन की शुरुआत की है।

इस अवसर पर श्री श्याम कुमार, मुख्य महाप्रबंधक परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी गाडरवारा ने कहा, यह परिवर्तन केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, यह उनके व्यक्तित्व, सोचने के तरीके, व्यवहार और नेतृत्व क्षमता में स्पष्ट रूप से नजर आता है। एक महीने की यह यात्रा न सिर्फ उन्हें आत्मनिर्भर बना गई है, बल्कि उन्हें यह भी सिखा गई कि सपने देखना और उन्हें साकार करने का साहस रखना कितना आवश्यक है।

कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पदक, स्मृति चिन्ह और समूह फोटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सभी महाप्रबंधक, अवनी महिला मंडल की उपाध्यक्षा एवं वालंटियर्स, समिति के सदस्यों एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस समापन समारोह ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब एक बालिका सशक्त होती है, तो उसके साथ पूरा समुदाय आगे बढ़ता है। यह पहल केवल शिक्षा या प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रही, बल्कि इन बालिकाओं को एक नई दृष्टि, आत्मविश्वास और उद्देश्य से युक्त जीवन की ओर अग्रसर कर गई।

# एक बार फिर मजबूती के साथ खड़ी होगी कांग्रेस

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** देश के कई राज्यों के साथ मध्य प्रदेश में भी संगठन सृजन अभियान कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संगठन को निचले स्तर तक ले जाने और मजबूत करने के लिए कांग्रेस द्वारा कई महत्वपूर्ण और कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिससे ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा सके।

उक्त बात मंगलवार को होटल अमर गार्डन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद ने कही। डॉ. प्रसाद ने बताया कि इस अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के अलावा गैर राजनीतिक लोगों से भी चर्चा कर सुझाव लिए जाएंगे और किस प्रकार से ब्लॉक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष को और अधिक शक्ति दी जा सके इस प्रकार के निर्णय लिए जाएंगे।

## कांग्रेस चला रही है संगठन सृजन अभियान



बिहार से आए राज्यसभा सदस्य डॉ अखिलेश प्रसाद ने बताया कि वे नरसिंहपुर जिले के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए हैं और 3 दिन यहीं रहेंगे। ब्लॉक विधानसभा स्तर और जिला स्तर के पदाधिकारी से सीधे चर्चा की जाएगी। बिहार से आए राज्यसभा सदस्य एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर अखिलेश प्रसाद ने कहा कि आज प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश में समस्याएं बढ़ रही हैं लूट मची हुई है पूंजीपतियों को लाभ दिया जा रहा है महंगाई बेरोजगारी से लोग परेशान हैं।

भाजपा की जन विरोधी नीतियो और विचारधारा को मजबूत संगठन से ही मध्य प्रदेश में मुकाबला किया जा सकता है और इससे आगे भी हम निकलेंगे साथ ही पूरे देश में एक बार फिर कांग्रेस मजबूती के साथ खड़ी होगी।

पत्रकारों के जवाब देते हुए डॉ अखिलेश प्रसाद ने कहा कि निश्चित तौर पर हमारे संगठन में कुछ कमियां हैं किंतु अब वो दिन दूर नहीं जब इन कमियों को दूर कर हम आगे बढ़ेंगे और हमारे नेता अपने मतभेद भूलाकर आम जनता के लिए लड़ेंगे और कांग्रेस को मजबूत करेंगे।

यही संगठन सृजन अभियान का मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य है। डॉ अखिलेश प्रसाद ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए। उक्त मौके पर प्रदेश बिहार कांग्रेस कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, जिले के कांग्रेस संगठन प्रभारी जुन्नारदेव विधायक सुनील ऊईके, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व ऊर्जा मंत्री एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, दीनदयाल ढिमोले आदि मौजूद रहे।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया संजीवनी पुस्तिका का विमोचन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी एम एस खान एवं डाइट व्याख्याता आर.के यादव ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हल्के वीर पटेल द्वारा सृजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित संजीवनी नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुरानी शिक्षा नीति के अनुसार चल रही परंपरागत शिक्षा व्यवस्था आधुनिकता के दौर में उतनी सफल नहीं हो पा रही थी, जितनी की जरूरत है।

नए भारत के उज्जवल भविष्य को तय करने और समावेशी शिक्षा के साथ प्रत्येक विद्यार्थी को बिना भेदभाव के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल सके तथा 21वीं सदी के कोशलों को हासिल करते हुए वे वैश्विक स्तर पर आदर्श निर्मित कर सकें इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा की गई और वर्तमान में इसे स्कूलों में लागू किया जा रहा है।

भारत सरकार द्वारा उक्त निति को सफल बनाने चलाए जा रहे निपुण भारत मिशन और इसी के तहत मध्य प्रदेश राज्य द्वारा संचालित एफएलएन मिशन अंकुर कार्यक्रम का उत्साह पूर्वक स्वागत करते हुए नवाचारी शिक्षक हल्के वीर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित संजीवनी नामक पुस्तक का लेखन किया गया है। शिक्षा के साथ साथ साहित्य में रुचि रखने वाले श्री पटेल की यह पांचवीं पुस्तक है जो शीघ्र ही पाठकों के कर कमलों में प्रदान की जाएगी।

श्री पटेल का मानना है कि यह नीति मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान को भली भांति समझ के साथ छात्रों तक पहुंचाने में संजीवनी की भांति सिद्ध होगी। जिस तरह संजीवनी बूटी कठिन परिस्थिति में बेहद उपयोगी सिद्ध हुई थी उसी प्रकार यह पुस्तक अनेक नवाचारों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में संजीवनी की भांति सिद्ध होगी और नए भारत, सक्षम भारत और स्वर्णिम भारत का उज्जवल भविष्य तय करेगी। इसलिए शिक्षक द्वारा पुस्तक का नाम संजीवनी ही रखा है। पुस्तक लेखन का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य एवं इसके विजन का प्रत्येक शिक्षक को अधिक से अधिक और प्रभावी ढंग से ज्ञान हो सके ताकि नन्हे बच्चों को सीखने सिखाने एवं विभिन्न नवाचारों को अपनाने में मदद मिल सके।

संजीवनी के विमोचन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने इस पुस्तक को शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी और महत्वपूर्ण बताते हुए लेखक हल्के वीर पटेल को शुभकामना पत्र प्रदान किया। इस मौके पर डाइट के समस्त व्याख्याता, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। पुस्तक के विमोचन पर समस्त शिक्षकों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# जनसुनवाई में आये 142 आवेदन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 17 जून को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 142 आवेदन आये।

**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

प्रवेश प्रारंभ

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883